भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

**लोक सभा**
अतारांकित प्रश्न संख्याः 2154
उत्तर देने की तारीखः 08.03.2021

**विद्यालय बीच में छोड़ने वाले विद्यार्थी**

**2154. श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकरः**
**श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विगत कुछ वर्षों के दौरान विद्यार्थियों द्वारा बीच में ही विद्यालय शिक्षा छोड़ने की दर में वृद्धि हुई है;
(ख) प्राथमिक शिक्षा के बाद अपनी शिक्षा छोड़ने वाले विद्यार्थियों की संख्या का राज्य-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) यदि हां, तो विगत दो वर्षों के दौरान विद्यालय बीच में ही छोड़ने की दर का महाराष्ट्र सहित राज्य-वार ब्यौरा क्या है; और
(घ) उक्त समस्या के समाधान के लिए सरकार द्वारा उठाए गए/उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**
**शिक्षा मंत्री**
(श्री रमेश पोखरियाल 'निशंक')

(क) से (ग): एकीकृत जिला शिक्षा सूचना प्रणाली (यूडाइज) के अनुसार, महाराष्ट्र राज्य सहित 2016-17 से 2018-19 के लिए राज्यवार ड्रॉपआउट दर अनुबंध में दी गई है।

(घ): समग्र शिक्षा की केंद्र प्रायोजित योजना के तहत, राज्य और केंद्रशासित प्रदेशों को ड्रॉपआउट्स की संख्या को कम करने के लिए विभिन्न गतिविधियों हेतु वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है, जिसमें वरिष्ठ माध्यमिक स्तर तक नए स्कूल खोलना/सुदृढ़ करना, स्कूल भवनों और अतिरिक्त कक्षाओं का निर्माण, कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालयों की स्थापना, उन्नयन और संचालन, आवासीय विद्यालयों/छात्रावासों की स्थापना, मुफ्त वर्दी, मुफ्त पाठ्य पुस्तकें, परिवहन भत्ता और नामांकन अभियान शुरू करना, आवासीय के साथ-साथ गैर-आवासीय प्रशिक्षण, आवासीय शिविर/छात्रावास आदि शामिल है। विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों की समावेशी शिक्षा के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान की जाती है। साथ ही, शिक्षा के प्रारंभिक स्तर पर छात्रों को मिड-डे-मील प्रदान किया जाता है।

इसके अलावा, यह सुनिश्चित करने के लिए कि हमारे बच्चों की गुणवत्तापूर्ण और समानता युक्त शिक्षा तक पहुँच हो, स्कूल शिक्षा विभाग ने 7 जनवरी, 2021 को राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों द्वारा किए जाने वाले उपायों पर विस्तृत दिशानिर्देश तैयार करके जारी किए हैं। इन दिशानिर्देशों का लिंक https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/guidelines_ oosc.pdf है। इन दिशानिर्देशों में अन्य बातों के साथ, डोर टू डोर सर्वे के माध्यम से 6-18 वर्ष की आयु के स्कूल से बाहर बच्चों की पहचान करना, नामांकन अभियान और जागरूकता सृजन, विशेष आवश्यकताओं वाले बच्चों (सीडब्ल्यूएसएन) की शिक्षा जारी रखना आदि शामिल हैं।

*****

**अनुबंध**

**'विद्यालय बीच में छोड़ने वाले विद्यार्थी' के संबंध में माननीय संसद सदस्य श्री प्रतापराव पाटिल चिखलीकर और श्री अनुमुला रेवंत रेड्डी द्वारा दिनांक 08.03.2021 के लिए पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 2154 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

| राज्य/संघ राज्यक्षेत्र | ड्रापआउट दर - संपूर्ण | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | **2016-17** | | | **2017-18** | | | **2018-19** | | |
| | प्राथमिक | उच्च प्राथमिक | माध्यमिक | प्राथमिक | उच्च प्राथमिक | माध्यमिक | प्राथमिक | उच्च प्राथमिक | माध्यमिक |
| अंडमान और निकोबार दवीप | 1.7 | 1.8 | 7.4 | 0.2 | 0.0 | 7.6 | 1.0 | 0.0 | 22.2 |
| आंध्र प्रदेश | 1.9 | 0.9 | - | 0.0 | 0.2 | 22.9 | 0.0 | 1.1 | 16.4 |
| अरुणाचल प्रदेश | 23.3 | 12.8 | 29.9 | 8.1 | 7.2 | 19.0 | 13.8 | 6.7 | 36.0 |
| असम | 5.6 | 2.5 | 27.6 | 10.1 | 5.4 | 33.7 | 3.1 | 1.9 | 31.5 |
| बिहार | 9.5 | 13.2 | 39.7 | 5.1 | 13.3 | 32.0 | 7.8 | 12.4 | 28.5 |
| चंडीगढ़ | - | - | - | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.0 | 0.4 | 4.5 |
| छत्तीसगढ | 3.3 | 6.2 | 24.2 | 1.9 | 5.2 | 21.4 | 3.4 | 7.0 | 18.3 |
| दादरा और नागर हवेली | - | 2.8 | 28.0 | 0.1 | 2.3 | 25.1 | 0.0 | 2.3 | 20.5 |
| दमण और दीव | - | 0.6 | 19.5 | 0.4 | 1.7 | 21.2 | 0.0 | 0.1 | 21.7 |
| दिल्ली | - | 0.7 | 10.8 | 0.0 | 1.6 | 17.5 | 0.0 | 1.1 | 14.9 |
| गोवा | 2.0 | - | 16.0 | 0.0 | 0.0 | 7.3 | 1.5 | 0.9 | 9.4 |
| गुजरात | 1.0 | 6.5 | 24.1 | 1.7 | 7.5 | 20.6 | 2.3 | 7.4 | 23.8 |
| हरियाणा | - | - | 12.2 | 0.0 | 0.4 | 13.4 | 0.0 | 1.9 | 14.8 |
| हिमाचल प्रदेश | 0.8 | 0.9 | 7.0 | 0.0 | 0.6 | 6.5 | 0.3 | 0.3 | 7.8 |
| जम्मू और कश्मीर | 14.2 | 10.2 | 24.4 | 2.9 | 1.2 | 3.4 | 6.7 | 6.3 | 17.8 |
| झारखंड | 15.7 | 19.6 | 36.6 | 0.0 | 0.0 | 9.5 | 5.4 | 10.2 | 22.2 |
| कर्नाटक | 1.4 | 3.8 | - | 1.7 | 2.6 | 24.3 | 0.0 | 0.2 | 23.4 |
| केरल | 0.1 | - | 12.8 | 0.1 | 0.0 | 12.0 | 0.2 | 0.0 | 9.1 |
| लक्षदवीप | 1.0 | - | 5.8 | 0.0 | 1.8 | 5.5 | 0.0 | 0.0 | 4.6 |
| मध्य प्रदेश | 4.5 | 7.7 | 23.8 | 4.0 | 6.4 | 24.2 | 3.2 | 5.9 | 24.8 |
| महाराष्ट्र | 0.7 | 1.2 | 11.3 | 0.2 | 1.7 | 12.6 | 1.1 | 2.2 | 13.3 |
| मैनपुर | 16.8 | 12.8 | 21.1 | 3.4 | 0.5 | 5.9 | 6.1 | 3.4 | 13.0 |
| मेघालय | 17.7 | 17.6 | 28.1 | 1.7 | 5.9 | 17.5 | 16.9 | 9.5 | 19.5 |
| मिजोरम | 15.4 | 9.9 | 30.7 | 8.0 | 7.0 | 19.7 | 7.5 | 3.1 | 10.6 |
| नगालैंड | 21.0 | 18.3 | 31.3 | 4.6 | 3.9 | 13.2 | 11.4 | 4.6 | 24.1 |
| ओडिशा | 4.2 | 5.1 | 28.9 | 5.8 | 5.4 | 28.3 | 3.4 | 5.0 | 9.5 |
| पुदुचेरी | - | 0.5 | 12.7 | 3.2 | 1.9 | 17.5 | 0.6 | 0.1 | 12.7 |
| पंजाब | 2.8 | 2.9 | 8.6 | 2.9 | 4.0 | 12.4 | 1.4 | 2.9 | 11.5 |
| राजस्थान | 7.0 | 4.3 | 15.2 | 3.4 | 2.8 | 10.5 | 5.2 | 3.8 | 12.7 |
| सिक्किम | 5.1 | 7.6 | 24.2 | 0.0 | 0.0 | 16.1 | 5.4 | 1.1 | 23.7 |
| तमिलनाडु | 0.5 | 1.3 | 10.0 | 5.9 | 9.1 | 16.2 | 1.2 | 0.5 | 13.0 |
| तेलंगाना | 7.6 | 5.6 | 22.5 | 3.5 | 2.6 | 17.1 | 1.9 | 2.9 | 13.5 |
| त्रिपुरा | 4.4 | 5.3 | 29.8 | 0.9 | 2.6 | 27.2 | 3.1 | 4.3 | 29.5 |
| उत्तर प्रदेश | 11.2 | 3.9 | 12.7 | 7.2 | 7.4 | 19.0 | 9.7 | 5.7 | 15.5 |
| उत्तराखंड | 5.6 | 3.1 | 9.1 | 3.4 | 2.4 | 11.3 | 3.7 | 3.7 | 10.9 |
| पश्चिम बंगाल | 8.1 | 9.0 | 26.9 | 0.2 | 0.0 | 14.6 | 3.5 | 1.5 | 19.5 |
| भारत | **6.4** | **5.7** | **19.9** | **3.5** | **5.0** | **19.0** | **4.5** | **4.7** | **17.9** |

स्रोतः UDISE 2016-17, 2017-18 UDISE + 2018-19 (अनंतिम) (-) नकारात्मक ड्रॉपआउट